**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक**
**(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना)**
**जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
**विज्ञापन**

क्रमांक/2130/MG NREGA/जि.पं./स्था./2023-24 दन्तेवाड़ा, दिनांक 26/07/2023

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर पत्र क्रमांक 806/पं.ग्रा.वि.वि./22/2011 रायपुर दिनांक 06.04.2011, आयुक्त, महात्मा गांधी नरेगा नवा रायपुर पत्र क्रमांक 1820/वि-7/स्था./MGNREGA/2023 नवा रायपुर दिनांक 27.06.2023 में दिये गये निर्देशानुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत स्वीकृत पद के विरूद्ध जिला पंचायत दन्तेवाड़ा में रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति हेतु दर्शित पदो के लिए **छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासियों से दिनांक 18/08/2023 को 5:30 बजे तक पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

**दन्तेवाड़ा जिले के लिए विज्ञापित (संविदा) रिक्त पदों का विवरण :-**

| क्र. | पद का नाम | रिक्त पद की सं. | अनारक्षित | अनु.जा. | अनु.ज.जा. | अ.पि.व. | संविदा वेतन प्रतिमाह (एकमुश्त) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम अधिकरी | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 31450/- |
| 2 | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 18420/- |

**आयु :-** आयु 01.01.2023 की स्थति में उम्मीदवार की आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा के लिये छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश इन नियुक्तियों के लिये भी लागू होंगी।

**महात्मा गांधी नरेगा हेतु संविदा पदों के लिए न्युनतम शैक्षणिक योग्यता :-**

1. **कार्यक्रम अधिकारी** (संविदा) :-(जनपद स्तर) प्रथम श्रेणी में एम.बी.ए./बी.ई.(सिविल को प्राथमिकता ), बी.ई./गणित अथवा भौतिक विषय में स्नातकोत्तर।
2. **डाटा एण्ट्री ऑपरेटर** (संविदा) :- (जिला स्तर)

1.मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण अथवा कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

2.मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8000 की (KEY) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति, (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।

**कार्यक्रम अधिकारी एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) के लिये मेरिट अंकों का निर्धारण :- कार्यक्रम अधिकारी** :- न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 100 अंकों का Weightage **देते** हुए 70 अंक एवं कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा पर 100 अंकों का Weightage **देते** हुए 15 अंक।

**डाटा एण्ट्री ऑपरेटर :-** न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुये 20 अंक। कम्प्यूटर व प्रायोगिक परीक्षा में 65 अंक।

प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर (न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य)।

**अनुभव के लिये अंकों का निर्धारण :-** शासकीय ग्रामीण विकास योजनाओं में कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव :- न्यूनतम 1 से 2 वर्ष तक का अनुभव 5 अंक, 5 वर्ष तक का अनुभव 10 अंक एवं 5 वर्ष से अधिक का अनुभव 15 अंक। अनुभव का लाभ लेने के लिये नियुक्ति आदेश की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में अनुभव का लाभ दिया जाना संभव नही होगा।

<u>अन्य शर्ते :-</u>

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का पता - आवेदक अपना आवेदन पत्र **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.)** के पद नाम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित कर सकते है। अन्य माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

- संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अधीन होगी।
- संविदा अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
- <u>**निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छानबीन उपरांत अभ्यर्थियों की सूची दावा आपत्ति के लिए जिला पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा तद्उपरान्त पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों को 1:5 के मान से कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा के लिए बुलावा पत्र प्रेषित किया जावेगा।**</u>
- उच्चतर योग्यता के आधार पर पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरीय को होगा।
- चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उसके आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।
- **आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 9X4" साईज का दो लिफाफे जिस पर 5 - 5 रूपये का डाक टिकट चस्पा हो, एवं लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम संलग्न करना अनिवार्य है।**
- आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्रों को राजपत्रित अधिकारी तथा स्वयं के द्वारा सत्यापित कराना अनिवार्य होगा। साथ ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के दिनांक तक वांछित शैक्षणिक योग्यता पूर्ण होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत किसी भी प्रकार की कोई शैक्षणिक योग्यता पृथक से नहीं लिया जावेगा।
- छ.ग. राज्य के मूल निवासी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी के द्वारा निर्धारित प्रारूप में प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
- दिव्यांगजनों को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- आरक्षण का लाभ लेने के लिए उच्च स्तरीय छानबीन समिति से सत्यापित अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

- उपरोक्तानुसार एक मुश्त एकजाई वेतन देय होगा। इस वेतन पर विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जावेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
- शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक संविदा वेतन देय होगा।
- ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में अनियमितता के आधार पर महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किसी पद से पृथक किया गया अथवा उनकी संवदिा सेवा वृद्धि नही की गयी है, वे चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
- संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
- विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विज्ञापन निरस्त भी की जा सकती है।
  संविदा भर्ती में किसी भी प्रकार के आपत्ति/विवाद का निराकरण नियुक्ति प्राधिकारी कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, MGNREGA जिला दन्तेवाड़ा द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
- चयन होने के पश्चात, चयनित अभ्यर्थि को नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा, जिसके आधार पर अभ्यर्थी को नियोक्ता के साथ करार पत्र (अनुबंध पत्र) निष्पादित करना होगा।
- सत्यापन में उपस्थित होने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा, अभ्यर्थी स्वयं अपनी व्यवस्था एवं व्यय से नियत स्थल पर नियत समयावधि में उपस्थित होंगे।
- प्रतिक्षा सूची की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगी।

आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय पर जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के सूचना पटल पर या **w.w.w.dantewada.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदन)**

26-07-23

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला पंचायत दन्तेवाड़ा**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीनतम पासपोर्ट फोटो स्वयं द्वारा प्रमाणित

प्रति,

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
**जिला पंचायत दन्तेवाड़ा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आवेदित पद का नाम | : | ........................................ |
| 1. | आवेदक का नाम | : | ........................................ |
| | (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) | : | ........................................ |
| 2. | पिता/पति का नाम | : | ........................................ |
| | (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) | : | ........................................ |
| 3. | लिंग | : | ........................................ |
| 4. | जाति (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य) | : | ........................................ |
| 5. | जन्मतिथि (अंको में) | : | ........................................ |
| | (शब्दों में) | : | ........................................ |
| 6. | आयु (01.01.2023 को) | : | वर्ष..........माह..........दिन.......... |
| 7. | पत्र व्यवहार का पता | : | ........................................ |
| | | : | ........................................ |
| | | : | ........................................ |
| | | : | .................पिन.कोड ............ |
| 8. | स्थायी पता | : | ........................................ |
| | | : | ........................................ |
| | | : | ........................................ |
| | | : | .................पिन.कोड ............ |
| 9. | मोबाईल नम्बर | : | ........................................ |
| 10. | क्या आप छ.ग. के मूल निवासी है(हॉं/नहीं) (सक्षम प्रधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न) | : | ........................................ |
| 11. | राष्ट्रीयता | : | ........................................ |
| 12. | जन्म स्थान | : | ........................................ |

13. आवेदक की शैक्षणिक योग्यता

| क्र0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. रोजगार कार्यालय का नाम एवं जीवित पंजीयन क्रमांक व दिनांक : ........................................

15. वैवाहिक स्थिति(विवाहित/अविवाहित) : ........................................

विवाह की तिथि : ........................................

बच्चों की संख्या : ........................................

16. अन्य योग्यता/अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| अनुभव संस्था का नाम ....................................पद का नाम .................................... | | |
|---|---|---|
| अनुभव की अवधि | - | |
| अनुभव का कार्यक्षेत्र | - | |

17. संलग्न प्रमाण-पत्र :- 1 ............................ 2 ............................ 3..................

4 ............................. 5 ............................. 6 .................................

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

**घोषणा-पत्र**

मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी अनुसार पूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूं, इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत/असत्य या अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है एवं इस संवंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवायें समाप्त की जा सकती है ।

स्थान :
दिनांक :

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर
पूर्ण नाम व पता ............